राज्य तैराकी में छाए द संस्कार वैली के खिलाड़ी

दिविजा और अभिनव को गोल्ड मेडल, सभी स्वर्ण विजेता राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम में चयनित

Player Achievements

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल के तैराक अभिनव चतुर्वेदी और दिविजा कुशवाहा ने राज्य शालेय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते हैं। स्पर्धा में अभिनव चतुर्वेदी ने पदकों का चौका जमाया। वहीं दिविजा को दोहरे तमगे मिले। होशंगाबाद में अभिनव ने वाटर पोलो में स्वर्ण और 4x100 मीटर फ्री स्टाइल में रजत हासिल किया। वहीं उसे 4x100 मीटर मिडले रिले और 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में दो कांस्य पदक मिले। स्कूल की दिविजा कुशवाहा ने मिडले रिले में गोल्ड और 50 मीटर ब्रेस्ट में कांस्य हासिल किया। इस प्रदर्शन के चलते इन दोनों तैराकों ने मध्यप्रदेश टीम में जगह बना ली है। यह टीम दिल्ली में 25 से 29 नवंबर के बीच एसजीएफआई की 63वीं राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इसमें द संस्कार वैली स्कूल की इशिता परिहार भी हिस्सा लेंगीं। उन्होंने आईपीएससी की राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अमलान के साहा, एक्टीविटी हेड प्रतिभा ललवानी और तैराकी कोच शैलेंद्र यादव ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

आरपीएम के तैराकों ने दिलाए 70 पदक

इसमें आरपीएम डॉलफिन अकादमी, भोपाल के तैराकों ने भोपाल संभाग को 70 पदक दिलाए हैं। इसमें 38 स्वर्ण, 21 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। यहां भोपाल संभाग ओवरऑल चैंपियन रहा। साथ ही अकादमी के कार्तिकेय, तन्मय शिंदे, प्रखर परमार, सौम्या वर्मा, निनाद जैन, नवनीता और आध्या खरे अपने-अपने वर्गों में एकल चैंपियन बने।

पदक विजेता

सानिध्य चौकसे, वंशज खन्ना, हमजा सिद्दकी, स्वयं, रिमाज, अश्लेषा सप्रे, युविका, अनुष्का और दिवेजा।

आईईएस के कुशाग्र ने जमाया पदकों का चौका

इस प्रतियोगिता में आईईएस स्कूल के कुशाग्र मेहरा ने चार पदक जीते हैं। उन्होंने मिडले रिले में स्वर्ण, फ्री स्टाइल में रजत के साथ 100 एवं 500 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में दो कांस्य हासिल किए हैं।